# अवैध गैस रिफीलिंग किये जाने पर एक दुकान पर कार्यवाही

**खास बातें**
- प्रशासन ने जप्त की सड़क किनारे पड़ी रेत
- एसडीएम ने की पेट्रोल पंप की जांच





**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज 7 जुलाई, अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा द्वारा अवैध गैस रिफीलिंग किये जाने पर मंगलवार को एक दुकान पर कार्यवाही की गई. वहीं प्रशासन द्वारा कुरवाई रोड पर कॉलेज के समीप सड़क किनारे पड़ी रेत को भी जप्त करने की कार्यवाही की गई. वही एसडीएम ने एक पेट्रोल पंप की भी जांच की.**

जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा ने शहर के हाजीपुर स्थित एक दुकान पर पहुंचकर जांच पड़ताल की. इस दौरान आकाश किचिन वेयर एंड रिपेयरिंग के संचालक द्वारा घरेलू प्रवर्ग गैस सिलेंडर से 5 किग्रा गैस सिलेंडर में अवैध गैस रिफीलिंग करते पाए जाने पर कार्यवाही की गई. एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा ने बताया कि शहर के हाजीपुर स्थित एक दुकान पर घरेलू प्रवर्ग गैस सिलेंडर से 5 किग्रा गैस सिलेंडर में अवैध गैस रिफीलिंग करते पाए जाने पर कार्यवाही की गई है. तथा एक नग 19 किग्रा व्यवसायिक गैस सिलेंडर, एक नग घरेलू प्रवर्ग गैस सिलेंडर, 12 नग गैस रिफिल वाली नोजल, 1 नग इलेक्ट्रिक तौल कांटा व 2 नग लोकल कंपनी के 5 किग्रा के गैस सिलेंडर जप्त किए गए है.

### एसडीएम ने किया पेट्रोल पंप का निरीक्षण

एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा ने बताया कि पेट्रोल में पानी निकलने की शिकायत मिल रही थी. जिसके बाद उन्होंने क्षेत्र के पेट्रोल पंप का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने रोहिलपुरा क्षेत्र में स्थित एक पेट्रोल पंप पर पहुंचकर जांच पड़ताल की. इस दौरान पेट्रोल पंप पर टैंको की जांच की गई. हालांकि पेट्रोल टैंक की जांच में पानी नहीं पाया गया है. उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है.

### प्रशासन ने सड़क किनारे रखी रेत की जप्त

अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा ने मंगलवार को माइनिंग इंस्पेक्टर के साथ कुरवाई रोड कॉलेज के किनारे रखी रेत की जांच पड़ताल की गई. इस दौरान रेत के भंडारण को लेकर अनुमति की जांच पड़ताल की गई. इस दौरान पर्याप्त दस्तावेज नहीं मिलने पर प्रशासन द्वारा रेत को जप्त करने की कार्यवाही की गई. उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है.

# बिजली पोल में उतरे करंट से गाय की मौत

- बारिश के दौरान पोल में फैले करंट की चपेट में आई गाय
- दो घंटे की मशक्कत के बाद दूर हुआ फॉल्ट, ग्रामीणों ने जताया विरोध



**नवभारत न्यूज**
**पठारी 7 जुलाई, नगर से सटे ग्राम पंचायत बड़ोह स्थित बालाजी धाम मार्ग पर मंगलवार को एक बिजली पोल में उतरे करंट की चपेट में आने से एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने विद्युत विभाग की लापरवाही पर विरोध जताया.**

ग्राम पंचायत सचिव गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि इसी मार्ग पर कुछ दिन पहले सीसी रोड निर्माण के दौरान भी एक मजदूर इसी बिजली पोल से करंट लगने की घटना का शिकार हुआ था. हालांकि उस समय ग्रामीणों की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया था. इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया.मंगलवार को तेज बारिश के दौरान पोल में करंट उतर गया, जो आसपास भरे वर्षा के पानी में फैल गया. इसी दौरान वहां से गुजर रही एक गाय करंट की चपेट में आ गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई.घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने तत्काल बिजली आपूर्ति बंद की और बारिश के बीच घटनास्थल पर पहुंचकर सुधार कार्य शुरू किया. करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पोल में उतर रहे करंट की समस्या को दूर किया गया.सुधार कार्य के दौरान विशाल ठाकुर, चैन सिंह ठाकुर और रामकृष्ण लोधी सहित ग्रामीणों ने पोल पर बंधी केबल एवं अन्य डोरियां हटाने में सहयोग किया, ताकि भविष्य में पोल पर करंट उतरने जैसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो. ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से ऐसे जर्जर और खतरनाक बिजली पोलों की तत्काल जांच कर आवश्यक सुधार कराने की मांग की.

## कुरवाई नगर परिषद को मिली नई सीएमओ

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई.** नगर परिषद कुरवाई में करीब एक पखवाड़े से रिक्त चल रहे मुख्य नगरपालिका अधिकारी सीएमओ के पद पर संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, भोपाल ने सुश्री गीता माझी की पदस्थापना की है. उनके बुधवार को कुरवाई पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है. सीएमओ का पद रिक्त होने के दौरान नगर परिषद का काम प्रभारी के रूप में इंजीनियर गौरव कुमार संभाल रहे थे. लंबे समय बाद पूर्णकालिक सीएमओ की नियुक्ति होने से नगर परिषद की प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार और रुके हुए विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है.

## नालियां बंद, सड़कों पर बह रही गंदगी



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा.** नगर पालिका परिषद की बार-बार चेतावनी और मुनादी के बावजूद शहर की गटर नालियों में पत्थर, ईंट, गिट्टी, रेत और सीमेंट-कंक्रीट डालने का सिलसिला नहीं रुक रहा है. इससे अधिकांश नालियों का पानी निकास बाधित हो गया है और कई स्थानों पर गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है. नागरिकों का आरोप है कि नगर पालिका के अधिकारी नियमित निरीक्षण नहीं करते, जिसके कारण समस्या लगातार बढ़ती जा रही है.

लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई की जाती तो यह स्थिति नहीं बनती. आरोप है कि नगर पालिका के पास कई गटर-नालियों के निर्माण का रिकॉर्ड भी उपलब्ध नहीं है. बरेठ रोड पर नए गटर के निर्माण के दौरान पुराना गटर मिलने के बावजूद उसकी सफाई कराने के बजाय उसके बगल में नया निर्माण कर दिया गया.स्थानीय लोगों का आरोप है कि उपयंत्री मौके पर निरीक्षण नहीं करते और तकनीकी जानकारी के अभाव में निर्माण कार्य हो रहे हैं. इससे कई स्थानों पर नालियों का ढाल भी गलत हो गया है और पानी का बहाव प्रभावित हो रहा है. नागरिकों ने निर्माण कार्यों की तकनीकी जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई तथा गुणवत्ता के साथ विकास कार्य कराने की मांग की है.

## 5 दिन से पानी नहीं मिलने की शिकायत लेकर एसडीएम से लगाई गुहार



**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** शहर के नयापुरा वार्ड 10 के रहवासियों ने बीते करीब 5 दिनों से पानी नहीं मिलने की शिकायत को लेकर एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा से गुहार लगाई. इस दौरान वार्ड के रहवासियों ने आरोप लगाया कि उनको बीते करीब 5 दिनों से पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है. जिसके कारण उनको काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. वार्ड के रहवासियों की शिकायत पर एसडीएम ने नपा सीएमओ को तत्काल समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए.

जानकारी के अनुसार नयापुरा क्षेत्र के कई रहवासी मंगलवार को तहसील कार्यालय पहुंचे. इस दौरान उन्होंने एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा को अपनी समस्या बताते हुए कहा कि बीते करीब 5 दिनों से वार्ड में पर्याप्त पेयजल नहीं रहा है. जिसके कारण महिलाओं, बच्चों सहित वार्ड के रहवासी परेशान हो रहे हैं. वही उनकी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. उन्होंने तत्काल समस्या का समाधान कराने की मांग की. वही अनुविभागीय अधिकारी द्वारा वार्ड के रहवासियों की शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए सीएमओ से चर्चा की गई. अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा ने बताया कि वार्ड के रहवासियों द्वारा बीते करीब 5 दिनों से वार्ड में पानी न आने संबंधी शिकायत की गई है. जिसपर नगरपालिका के सीएमओ से चर्चा की गई है. सीएमओ द्वारा फिल्टर प्लांट की साफ सफाई कार्य होने के संबंध बारे में जानकारी दी गई है. सीएमओ को वार्ड में पेयजल सप्लाई सुचारु करने के निर्देश दिए गए हैं.



## बच्चों को साइबर अपराधों को लेकर किया जागरूक

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज, निर्मला कान्वेन्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल में पुलिस विभाग द्वारा सायबर अपराध की रोकथाम के लिये चलाये जा रहे अभियान सेफ क्लिक 2.0 के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया.**

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के द्वारा साइबर सुरक्षा को लेकर नुक्कड नाटक का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सोनू डाबर के द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों की जानकारी देते हुये कहा कि जैसे जैसे तकनीक बदल रही है वैसे ही अपराध करने का तरीका भी बदल रहा है. ऐसे समय में हमें ज्यादा सतर्क रह कर मोबाइल और इंटरनेंट का प्रयोग करना चाहिये. किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक न करें. एपीके फाइल डाउनलोड न करें. उनके द्वारा साइबर अपराधों से बचाव के उपाय विस्तार से बताए.

# सेफ क्लिक 2 .0 अभियान के तहत साइबर सुरक्षा को लेकर लोगों को किया जागरूक



**नवभारत न्यूज**
**मुरवास/विदिशा. पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को थाना मुरवास क्षेत्र के पंचायत भवन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में एसडीओपी लटेरी एवं थाना प्रभारी लक्ष्मण डाबर ने ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और शासकीय कर्मचारियों को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया.**

कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को बताया गया कि अनजान या फर्जी लिंक पर क्लिक न करें, किसी भी व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, बैंक खाता या एटीएम संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करें तथा लालच या झांसे में आकर ऑनलाइन लेनदेन करने से बचें. अधिकारियों ने कहा कि साइबर अपराध का शिकार होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके.इस अवसर पर आम नागरिकों को साइबर सुरक्षा संबंधी पंपलेट भी वितरित किए गए और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने की अपील की गई.कार्यक्रम में एसडीओपी लटेरी, थाना प्रभारी लक्ष्मण डाबर, थाना मुरवास का पुलिस स्टाफ, ग्राम पंचायत सरपंच उमर चौधरी, सचिव वाहिद खान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे. अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने और दूसरों को भी साइबर ठगी से बचाव के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया.


**मौन सूचना**
विकास पचौरी जी मौन साधना कर रहे हैं. इसलिए निःशुल्क शव वाहन हेतु कृपया फोन न करें बल्कि शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर जानकारी देने की कृपा करें.
ब्लड की जरूरत होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर रक्तदाताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.
मोबाइल के प्ले स्टोर पर टाइप कीजिए VIKAS PACHORI RADIO
विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
और फिर 24 घंटे आनंद लीजिए


# जनगणना ड्यूटी के दौरान प्रभारी प्राचार्य का तबादला, शोकॉज नोटिस से उठे सवाल

- स्थानांतरण प्रक्रिया और बिना अनुमति कार्यमुक्त होने के मामले में शिक्षा विभाग की कार्रवाई पर निगाहें

**नवभारत न्यूज**
**आनंदपुर (विदिशा).** पीएमश्री शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आनंदपुर के प्रभारी प्राचार्य एवं एरिया एजुकेशन ऑफिसर राजेश सिंह मीणा का गुना जिले के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मधुसूदनगढ़ में हुआ स्थानांतरण विवादों में आ गया है. जनगणना ड्यूटी के दौरान जारी स्थानांतरण आदेश और उसके बाद जारी कारण बताओ (शोकॉज) नोटिस ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं.

दस्तावेजों के अनुसार, लोक शिक्षण संचालनालय के आदेश क्रमांक /2026/0/001845 के तहत राजेश सिंह मीणा का स्थानांतरण आनंदपुर से मधुसूदनगढ़ किया गया. जानकारी के मुताबिक वर्ष 2026 की जनगणना में उनकी ड्यूटी लगभग 10 गांवों के लिए लगाई गई थी. राज्य सरकार की स्थानांतरण नीति में जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों का स्थानांतरण नहीं किए जाने का प्रावधान है. इसके बावजूद स्थानांतरण आदेश जारी होने से पूरे मामले पर सवाल उठ रहे हैं.इसी बीच विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) लटेरी ने राजेश सिंह मीणा को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. नोटिस में आरोप लगाया गया है कि उन्होंने जनगणना कार्य से संबंधित आवश्यक जानकारी समय पर दर्ज नहीं कराई, जिससे स्थानांतरण का लाभ मिला. उनसे तीन दिन के भीतर जवाब मांगा गया है. संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिलने पर निलंबन सहित विभागीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है.मामले में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पुष्पेंद्र वर्मा ने बताया कि विभाग ने राजेश सिंह मीणा को कार्यमुक्त (रिलीव) करने की अनुमति नहीं दी थी. इसके बावजूद वे बिना विभागीय अनुमति के कार्यमुक्त होकर नए पदस्थापना स्थल पर चले गए. उन्होंने कहा कि शासन स्तर से जो भी निर्देश प्राप्त होंगे, उनका पालन किया जाएगा.अब पूरे मामले में कई सवाल उठ रहे हैं. यदि जनगणना ड्यूटी के दौरान स्थानांतरण प्रतिबंधित था तो आदेश कैसे जारी हुआ, और जब कार्यमुक्त करने की अनुमति नहीं थी तो संबंधित अधिकारी ने नए पदस्थापना स्थल पर कार्यभार कैसे ग्रहण किया. फिलहाल शिक्षा विभाग की आगामी कार्रवाई और राजेश सिंह मीणा के स्पष्टीकरण पर सभी की निगाहें टिकी हैं.

# केक नहीं काटा, सड़क सुरक्षा को बनाया जन्मदिन का संकल्प

- रेड क्रॉस सचिव संदीप उदयवाल ने जन्मदिन पर चलाया यातायात जागरुकता अभियान

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा. जन्मदिन को समाज सेवा से जोड़ते हुए भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा विदिशा के सचिव संदीप उदयवाल ने इस बार केक काटने और समारोह आयोजित करने के बजाय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाकर अनूठी मिसाल पेश की. शहर में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए उन्होंने नागरिकों को यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया.**

जिला कलेक्टर एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित अभियान के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों और डिवाइडरों पर सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता बोर्ड लगाए गए. अभियान का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जनभागीदारी बढ़ाना था.इस अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष राकेश शर्मा, नगर पालिका परिषद की टीम, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा रेड क्रॉस के पदाधिकारियों, सदस्यों और स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई.रेड क्रॉस की टीम ने पहले दुर्घटना संभावित एवं व्यस्त मार्गों का निरीक्षण कर स्थान चिन्हित किए. इसके बाद कॉन्वेंट स्कूल से पीतल मिल चौराहा, पीतल मिल चौराहा से अहमदपुर चौराहा, अहमदपुर चौराहा से सिविल लाइन, नीमताल से विवेकानंद चौराहा तथा विवेकानंद चौराहा से मुखर्जी नगर होते हुए रामलीला चौराहा तक सड़क सुरक्षा संदेशों वाले बोर्ड लगाए गए.इस अवसर पर रेड क्रॉस के चेयरमैन डॉ. सचिन गर्ग, उपाध्यक्ष राजेश जैन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे. सभी ने संदीप उदयवाल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जन्मदिन को व्यक्तिगत उत्सव तक सीमित रखने के बजाय जनहित के कार्य से जोड़ना समाज के लिए प्रेरणादायी संदेश है.पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि यदि इस तरह के अभियानों से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आती है और लोगों का जीवन सुरक्षित होता है, तो यही किसी भी जन्मदिन का सबसे बड़ा उपहार होगा. कार्यक्रम के अंत में सभी ने संदीप उदयवाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं.

## मेरा शहर-मेरी जिम्मेदारी अभियान के तहत कांग्रेस की जन चौपाल

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा.** शहर में नागरिकों की मूलभूत समस्याओं को लेकर कांग्रेस के मेरा शहर-मेरी जिम्मेदारी अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 3, 5 और 4 में जन चौपाल आयोजित की गई. कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनी गई. युवक कांग्रेस प्रदेश महासचिव अपूर्व जैन ने कहा कि तेज धूप और बारिश के बावजूद कार्यकर्ता अभियान में जुटे रहे. उन्होंने बताया कि कई परिवार अब भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, जबकि स्मार्ट मीटर और बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर लोगों में नाराजगी है.अभियान के दौरान नागरिकों की शिकायतों की सूची तैयार की गई, जिनमें से कुछ समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया गया. कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सूची प्रशासन को सौंपकर समाधान की मांग की जाएगी. यदि समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा.कार्यक्रम में रवि तिवारी, जगदीश व्यास, सौदान सिंह यादव सहित कांग्रेस के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे. अभियान के अगले चरण में बुधवार को वार्ड 6 में जन चौपाल आयोजित कर नागरिकों की समस्याएं सुनी जाएंगी.

**आयोजन** | **सादगी की मिसाल बना वैदिक विवाह, विदेशी युवती ने अपनाई भारतीय संस्कृति**

# भक्तिग्राम में बिना डीजे और दिखावे के संपन्न हुआ विवाह, 250 लोगों ने पंगत में किया सात्विक भोजन



**नवभारत न्यूज**
**पठारी. आधुनिक दौर में जहां शादियां करोड़ों के खर्च, डीजे और भव्य आयोजनों का पर्याय बनती जा रही हैं, वहीं विदिशा जिले के भक्ति ग्राम में रविवार को संपन्न एक विवाह ने सादगी, भारतीय संस्कृति और वैदिक परंपराओं की अनूठी मिसाल पेश की. यहां नेपाल की युवती और भोपाल के बैरसिया निवासी युवक का विवाह वैष्णव वैदिक रीति-रिवाजों से बिना किसी आडंबर के संपन्न हुआ.**

अग्नि को साक्षी मानकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फेरे लिए गए. पूरे आयोजन में न डीजे था, न तेज रोशनी और न ही दिखावे की कोई होड़. दिन के उजाले में आयोजित इस विवाह में केवल करीब 250 आत्मीय लोग शामिल हुए. विवाह के बाद सभी अतिथियों को जमीन पर पंगत में बैठाकर पूरी आत्मीयता के साथ सात्विक भोजन परोसा गया. भोजन में सब्जी-पूड़ी, दाल-चावल, सलाद, बूंदी, मूंग का हलवा और रसगुल्ला शामिल था. भक्तिग्राम के संस्थापक नर्मदादास ने बताया कि यह आयोजन भौतिक चकाचौंध से दूर रहकर भारतीय संस्कारों और सादगीपूर्ण जीवनशैली को जीवंत रखने का एक प्रयास है.

### भक्ति और सेवा ने जोड़े दो जीवन

भोपाल के बैरसिया निवासी 31 वर्षीय आनंदमय दास ने बीएससी तक शिक्षा प्राप्त की है. पिछले तीन वर्षों से वे भक्ति ग्राम के छात्रावास में रहकर सेवा और साधना का जीवन जी रहे हैं. वहीं नेपाल के बिराटनगर की रहने वाली 27 वर्षीय कमला राय बीकॉम स्नातक हैं. कुछ समय पहले वह अपने परिवार के साथ भक्ति ग्राम आई थीं. यहां की प्राकृतिक जीवनशैली, सात्विक वातावरण और सादगी से प्रभावित होकर उन्होंने यहीं रहने की इच्छा जताई. दोनों परिवारों की सहमति के बाद यह वैदिक विवाह संपन्न हुआ.

### 70 बीघा में आत्मनिर्भरता का अनूठा प्रयोग

गंजबासौदा तहसील के ग्राम बड़वासा स्थित भक्ति ग्राम केवल एक आश्रम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर ग्रामीण जीवन का मॉडल भी बन रहा है. 21 जनवरी 2021 से शुरू हुई इस पहल में मध्य प्रदेश सहित राजस्थान, गुजरात, असम, बिहार, ओडिशा, झारखंड और हिमाचल प्रदेश के 20 से 35 वर्ष आयु वर्ग के उच्च शिक्षित 12 युवाओं ने प्राकृतिक संसाधनों से अपने हाथों से मिट्टी, गोबर, पत्थर, बांस और लकड़ी के घर बनाए हैं.करीब 70 बीघा भूमि पर ये युवा पूरी तरह प्राकृतिक एवं जैविक खेती करते हैं. यहां गेहूं, चना, अरंडी, जीरा, केला, हल्दी, सौंफ, सरसों और मेथी जैसी फसलें उगाई जाती हैं. समुदाय की लगभग 80 प्रतिशत खाद्य जरूरतें इसी खेती से पूरी हो रही हैं. गृहस्थ और ब्रह्मचर्य जीवन के लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं हैं तथा प्रत्येक सदस्य की जिम्मेदारी निर्धारित है.यह अनूठा विवाह और भक्ति ग्राम का जीवन दर्शन यह संदेश देता है कि प्रकृति के करीब रहकर, सादगी और भारतीय संस्कारों के साथ भी आत्मनिर्भर एवं संतुलित जीवन जिया जा सकता है.

## साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5 .0 का हुआ समापन

**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा,** श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर, नौलखी घाट पर आयोजित 39वें स्वच्छता कार्यक्रम के साथ साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 का सफल समापन हुआ. अंतिम चरण में श्रमदान दल ने बेतवा नदी से प्लास्टिक और धार्मिक अपशिष्ट हटाकर नदी की स्वच्छता का ध्यान रखा. स्वयंसेवकों ने समाज को संदेश दिया कि आस्था का वास्तविक स्वरूप प्रकृति के संरक्षण में है .इस अभियान ने बेतवा नदी की स्वच्छता में महत्वपूर्ण योगदान दिया और समाज में जनजागरूकता तथा श्रमदान की संस्कृति को मजबूत किया.अब अगला चरण पौधारोपण अभियान 5.0 होगा, जिसमें पौधों की सुरक्षा और संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरा और संतुलित पर्यावरण मिल सके.

# 213 शिक्षकों के अटैचमेंट हटाये, मूल विद्यालयों में लौटेंगे शिक्षक

**नवभारत न्यूज**
**सिरोंज,** मध्यप्रदेश विधानसभा में सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा पूर्व में उठाए गए प्रश्न का बड़ा असर सामने आया है. प्रदेश सरकार ने विभिन्न कार्यालयों में प्रतिनियुक्ति अटैचमेंट पर कार्यरत 213 शिक्षकों का अटैचमेंट समाप्त करते हुए उन्हें उनके मूल विद्यालयों में वापस भेजने के आदेश जारी किए हैं. इस निर्णय से प्रदेश के अनेक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर होने की उम्मीद है तथा विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन का लाभ मिलेगा. विधायक उमाकांत शर्मा ने बताया कि उन्होंने 30 जुलाई 2025 को विधानसभा में प्रश्न लगाकर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यालयों में अटैच शिक्षकों की जानकारी मांगी थी. प्रश्न के माध्यम से उन्होंने सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया था. विधानसभा में उठाए गए इस प्रश्न के बाद शासन स्तर पर समीक्षा की गई. समीक्षा में प्रदेश के विभिन्न जिलों में कुल 213 शिक्षकों के प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत होने की जानकारी सामने आई. इसके बाद लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इन शिक्षकों का अटैचमेंट समाप्त कर उन्हें उनके मूल पदस्थापना स्थल पर वापस भेजने के निर्देश जारी किए गए हैं. उन्होंने कहा कि लगभग एक वर्ष बाद 213 शिक्षकों के अटैचमेंट खत्म करने के आदेश दिए हैं. उन्होंने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि छात्र हित में शिक्षकों का अटैचमेंट खत्म किया गया है. उन्होंने आगे कहा कि कई स्कूल शिक्षक विहीन हैं. इसलिए शिक्षकों के अपने मूल विभाग में काम करने पर विशेष निगरानी रखी जाए, ताकि बाद में फिर अटैचमेंट न हो. विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक है. उन्होंने उम्मीद जताई कि शासन शेष अटैच शिक्षकों को भी शीघ्र उनके मूल विद्यालयों में भेजेगा, जिससे प्रदेश के सभी विद्यालयों में सुचारु रूप से शिक्षण कार्य संचालित हो सकेगा.